**Voters' Services Portal**

Voters' Services Portal

voters.eci.gov.in

***प्रेस नोट***

***बिहार SIR का प्रारंभिक चरण पूर्ण***

***प्रपत्रों की छपाई व वितरण लगभग पूर्ण***

***कुछ लोगों द्वारा फैलाई जा रही अफ़वाहों के विपरीत SIR में कोई बदलाव नहीं किया गया***

***1.69 करोड़ (21.46%) गणना प्रपत्र एकत्रित***

***7.25% प्रपत्र ECINET पर अपलोड***

दिनांक: 06.07.2025

बिहार में विशेष गहन पुनरीक्षण (Special Intensive Revision - SIR) ज़मीनी स्तर पर मतदाताओं के सक्रिय सहयोग से सुचारु रूप से क्रियान्वित किया जा रहा है।

SIR का प्रारंभिक चरण, जिसमें गणना प्रपत्रों की छपाई और वितरण होना था, लगभग पूरा हो चुका है। ये प्रपत्र सभी उपलब्ध मतदाताओं को वितरित किए जा चुके हैं।

यह फिर से बताया जा रहा है कि SIR, **24.06.2025** को जारी दिशानिर्देशों के अनुसार ही संचालित हो रहा है और **इसमें किसी भी प्रकार का बदलाव नहीं किया गया है।**
निर्देशों के अनुसार, 1 अगस्त 2025 को प्रकाशित होने वाली प्रारूप मतदाता सूची में उन्हीं व्यक्तियों के नाम शामिल होंगे जिनके गणना प्रपत्र प्राप्त हुए होंगे।

मतदाता अपने दस्तावेज़ 25 जुलाई 2025 तक कभी भी जमा कर सकते हैं। प्रारूप मतदाता सूची प्रकाशित होने के बाद, यदि किसी दस्तावेज़ की कमी पाई जाती है, तो उस मतदाता से दावे और आपत्तियों की अवधि के दौरान संबंधित ERO दस्तावेज़ प्राप्त कर सकते हैं।

आज शाम 6 बजे तक कुल 1,69,49,208 गणना प्रपत्र (जो कि कुल 7,89,69,844 पंजीकृत मतदाताओं का 21.46% है) प्राप्त हो चुके हैं।
पिछले 24 घंटों में ही (कल शाम 6 बजे से आज शाम 6 बजे तक) 65,32,663 प्रपत्र एकत्रित किए गए हैं।
प्रपत्र जमा करने की अंतिम तिथि में अभी भी 19 दिन शेष हैं।

प्रपत्रों का अपलोड भी समानांतर रूप से तेज़ी से किया जा रहा है, और अब तक 7.25% प्रपत्र अपलोड हो चुके हैं।
ECI पोर्टल https://voters.eci.gov.in और ECINET ऐप पर आंशिक रूप से भरे प्रपत्र डाउनलोड के लिए उपलब्ध हैं, जिन्हें मतदाता स्वयं भी ECINET ऐप के माध्यम से अपलोड कर सकते हैं।

*77,895* बूथ स्तर अधिकारी (BLO) घर-घर जाकर मतदाताओं को गणना प्रपत्र भरने में सहायता कर रहे हैं और उन्हें एकत्र कर रहे हैं।
कई मामलों में BLO स्वयं मतदाताओं की **तत्काल तस्वीरें** लेकर अपलोड कर रहे हैं जिससे मतदाता को अलग से फोटो खिंचवाने की आवश्यकता नहीं पड़ रही।
प्रक्रिया को सुचारु और समयबद्ध तरीके से पूर्ण करने हेतु *20,603 अतिरिक्त BLO* भी नियुक्त किए जा रहे हैं।

लगभग *4 लाख वॉलेंटियर* – जिनमें सरकारी कर्मचारी, NCC कैडेट्स, NSS सदस्य आदि शामिल हैं – बुजुर्गों, दिव्यांगों, बीमार और असहाय पात्र नागरिकों को सहायता प्रदान कर रहे हैं।

इसके अतिरिक्त, राज्य के सभी 243 विधानसभा क्षेत्रों में कार्यरत *239 EROs, **963 AEROs, **38 जिला निर्वाचन अधिकारी (DEOs)* और राज्य के मुख्य निर्वाचन अधिकारी (CEO) ज़मीनी स्तर पर मतदाताओं को सहयोग प्रदान कर रहे हैं।

विभिन्न राजनीतिक दलों द्वारा नियुक्त किए गए *1,54,977 बूथ स्तर एजेंट्स (BLAs)* भी SIR प्रक्रिया में सक्रिय सहयोग प्रदान कर रहे हैं।